# व्यापक बाजारों में बिकवाली जारी

## सेंसेक्स के हरे निशान में बंद होने के बावजूद स्मॉल व मिडकैप में फिसलन

**बीएस संवाददाता**
मुंबई, 8 फरवरी

बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में तीन दिनों से हो रही गिरावट थम गई, हालांकि व्यापक बाजारों में शेयरों के लिए थोड़ी राहत रही। मिडकैप व स्मॉलकैप सूचकांक लगातार चौथे कारोबारी सत्र में टूटे और बाजार में हर दो गिरने वाले शेयरों के मुकाबले एक शेयर चढ़े।

रिलायंस इंडस्ट्रीज में बढ़त के कारण बेंचमार्क सेंसेक्स 187 अंकों की उछाल के साथ 57,806.6 अंकों पर बंद होने में कामयाब रहा जबकि निफ्टी-50 इंडेक्स 0.3 फीसदी की बढ़त के साथ 17,267 पर बंद हुआ। विशेषज्ञों ने कहा कि चुनिंदा दिग्गज शेयरों में उछाल से कुल बाजारों का दर्द कम हो गया। निफ्टी मिडकैप 100, 0.7 फीसदी फिसलकर 29,917 पर टिका। पिछले चार कारोबारी सत्रों में यह 3.4 फीसदी टूटा है। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 1.7 फीसदी टूटकर 10,857 पर बंद हुआ, जो 24 दिसंबर, 2020 के बाद सबसे निचला बंद स्तर है।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने मंगलवार को करीब 2,000 करोड़ रुपये के शेयर बेचे जबकि देसी निवेशकों ने 1,115 करोड़ रुपये की खरीदारी की।

बाजार पर नजर रखने वालों ने कहा कि एफपीआई मिडकैप व स्मॉलकैप के शेयरों की लगातार बिकवाली कर रहे हैं, जिने पिछले साल सेंसेक्स के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया था। उनका कहना है कि मूल्यांकन का अनुकूल होने अभी बाकी है।

वैश्विक बाजार मिले जुले रहे क्योंकि 10 वर्षीय अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल करीब 2 फीसदी के पास पहुंच गया। बाजार के विशेषज्ञों ने कहा कि जनवरी के उम्मीद से मजबूत रोजगार के आंकड़ों के बाद निवेशकों की नजर अब अमेरिका में महंगाई के आंकड़ों पर है, जो इस हफ्ते जारी होने हैं।


देश में निवेशक आरबीआई की दो दिन की आरबीआई मौद्रिक समिति की बैठक के नतीजे का इंतजार कर रहे हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, हम आम बजट के बाद से ही बाजार में काफी उथलपुथल देख रहे हैं और एमपीसी की बैठक उतारचढ़ाव बनाए रख सकतीहै। इसके अलावा वैश्विक संकेतक भी कोई अनुकूल तस्वीर सामने नहीं रख रहे, ऐसे में प्रतिभागी सतर्क रुख अपनाए हुए हैं और उधारी पर पोजीशन सीमित रखे हुए हैं।

आरबीआई की बैठक ऐसे समय में हो रही है जब तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल की ओर बढ़ रही है और सॉवरिन प्रतिफल सख्त हो रहे हैं।

मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, गुरुवार को आने वाली आरबीआई नीति अल्पावधि के लिहाज से बाजारों के लिए अहम होंगे क्योंकि इसका असर आने वाले समय में नकदी व ब्याज दरों पर दिखेगा। बाजार विभिन्न वैश्विक व देसी कारणों से उतारचढ़ाव में इजाफे से दो-चार हो रहा है।

तकनीकी विश्लेषकों ने कहा कि विभिन्न तरह की अनिश्चितताओं को देखते हुए बाजार विस्तृत ट्रेडिंग रेंज में बना रहेगा। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध प्रमुख (खुदरा) श्रीकांत चौहान ने कहा, निवेशकों को मात्रात्मक सहजता की लगातार हो रही वापसी से डर लग रहा है और विदेशी निवशकों की तरफ से निकासी आने वाले समय में अवधारणा को और नुकसान पहुंचा सकता है। रोजाना के चार्ट पर निफ्टी ने हैमर फॉर्मेशन बनाया है, जो बताता है कि तेजड़िये व मंदड़िये के बीच अनिश्चितता रहेगी। ट्रेडिंग का दायरा 17,100 से 17,400 रहेगा और अहम सपोर्ट लेवल 17,150 है। इससे ऊपर इंडेक्स 17,350 से 17,400 तक जा सकता है। इससे नीचे यह 17,100-17,075 तक पहुंचने की संभावना है।

### थमा गिरावट का सिलसिला



- रिलायंस इंडस्ट्रीज में बढ़त के कारण बेंचमार्क सेंसेक्स 187 अंकों की उछाल के साथ 57,806.6 अंकों पर बंद होने में कामयाब रहा जबकि निफ्टी-50 इंडेक्स 0.3 फीसदी की बढ़त के साथ 17,267 पर बंद हुआ
- विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने मंगलवार को करीब 2,000 करोड़ रुपये के शेयर बेचे जबकि देसी निवेशकों ने 1,115 करोड़ रुपये की खरीदारी की
- वैश्विक बाजार मिले जुले रहे क्योंकि 10 वर्षीय अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल करीब 2 फीसदी के पास पहुंच गया

# आगाज पर 16 फीसदी चढ़ा अदाणी विल्मर का शेयर

**बीएस संवाददाता**
मुंबई, 8 फरवरी

**मंगलवार को** अदाणी विल्मर का शेयर आगाज पर 16 फीसदी से ज्यादा चढ़ गया। यह शेयर इश्यू प्राइस 230 रुपये के मुकाबले 37.4 रुपये की बढ़त के साथ 267.4 रुपये पर बंद हुआ। एक समय में हालांकि यह शेयर 227 रुपये के निचले स्तर पर भी आ गया था, जो इश्यू प्राइस से कम है। लेकिन मजबूत खरीदारी के कारण यह शेयर दिन के उच्चस्तर के करीब बंद हुआ। एनएसई व बीएसई पर क्रमश: 3,397 करोड़ रुपये व 191 करोड़ रुपये के शेयरों का कारोबार हुआ।

ब्रांडेड खाद्य तेल में सबसे ज्यादा बाजार हिस्सेदारी वाली अदाणी विल्मर एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध होने वाली अदाणी समूह की सातवीं कंपनी बन गई है।

इस कंपनी में गौतम अदामी की अदाणी एंटरप्राइजेज और सिंगापीर की विल्मर इंटरनैशनल की समान हिस्सेदारी है। अदाणी विल्मर का 3,600 करोड़ रुपये का आईपीओ पिछले महीने बंद हुआ था और इसे करीब 17 गुना बोली मिली थी।

आईपीओ के जरिये कंपनी ने 3,600 करोड़ रुपये की नई पूंजी जुटाई, जिसका इस्तेमाल नए संयंत्र लगाने, कर्ज चुकाने और रणनीतिक अधिग्रहण में किया जाएगा।

बाजार के प्रतिभागियों ने कहा कि बाजार के कमजोर माहौल को देखते हुए पहले दिन का प्रदर्शन उत्साहजनक था। बाजार की स्थिति को देखते हुए कंपनी को अपने आईपीओ का आकार घटाना पड़ा था, जो पहले इसके तहत 4,500 करोड़ रुपये जुटाना चाह रही थी।

वित्त वर्ष 21 में अदाणी विल्मर का शुद्ध लाभ 728 करोड़ रुपये जबकि राजस्व 37,090 करोड़ रुपये रहा।

## बीएसई का शुद्ध लाभ 86 फीसदी बढ़ा

बीएसई लिमिटेड का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 86 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 58.6 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का परिचालन से राजस्व इस दौरान सालाना आधार पर 60 फीसदी की उछाल के साथ 192.7 करोड़ ररुपये रहा। मजबूत बढ़ोतरी को रोजाना औसत कारोबार में 44 फीसदी की बढ़त से सहारा मिला। इक्विटी डेरिवेटिव व करेंसी डेरिवेटिव के लिए रोजाना औसत कारोबार क्रमश: 23 फीसदी की बढ़त के साथ 2.47 लाख करोड़ रुपये व 29 फीसदी की बढ़त के साथ 27,124 करोड़ रुपये रहा। पिछले हफ्ते एनएसई ने दिसंबर तिमाही में राजस्व सालाना आधार पर 67 फीसदी बढ़कर 2,367 करोड़ रुपये रहने की खबर दी थी। एक्सचेंज का मुनाफा 6.5 गुना उछलकर 1,349 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। *बीएस*

## आईनॉक्स ग्रीन ने दाखिल किया आईपीओ दस्तावेज

आइनॉक्स विंड की इकाई आइनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज लि. ने अपने 740 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए सेबी के पास दस्तावेज किया है। *भाषा*

# अमेरिका-ईरान बातचीत से पहले फिसला तेल

**रॉयटर्स**
लंदन, 8 फरवरी

**अमेरिका और** ईरान के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत बहाल होने से पहले मंगलवार को कच्चा तेल फिसलकर करीब 92 डॉलर पर आ गया। इस बातचीत से परमाणु करार बहाल हो सकता है, जिससे ओपेक के उत्पादक देशों की तरफ से और तेल निर्यात की इजाजत मिल सकती है। इस करार से इरान की तरफ से रोजाना 10 लाख बैरल तेल बाजार में आ सकता है, जो वैश्विक आपूर्ति का करीब एक फीसदी है। परमाणु करार पर बातचीत वियेना में मंगलवार को बहाल होगी।

एवाट्रेड के मुख्य बाजार विश्लेषक नईम अस्लम ने कहा, अगर ईरान के खिलाफ पाबंदी हटती है तो वैश्विक तेल आपूर्ति को काफी सहारा मिल सकता है।

ब्रेंट क्रूड 73 सेंट यानी 0.8 फीसदी घटकर 91.96 डॉलर प्रति बैरल रहा, जो सोमवार को सात साल के उच्चस्तर 94 डॉलर पर पहुंच गया था।

यूएस वेस्ट टैक्सस इंटरमीडिएट क्रूड 52 सेंट फिसलकर 90.8 डॉलर का रह गया। दोनों ही बेंचमार्क को इस साल तेल की बढ़ती मांग, रूस-यूक्रेन तनाव, लीबिया जैसे उत्पादकों की तरफ से आपूर्ति के अवरोध और ओपक व उसकी सहायक की तरफ से 2020 के रिकॉर्ड उत्पादन कटौती में धीमी नरमी से सहारा मिला है।

मंगलवार को तेल की कीमतों पर फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रों की टिप्पणी का असर पड़ा, जिन्होंने कहा कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन संग उनकी बैठक से यूक्रेन संकट को गहराने से रोकने में मदद मिली है।

- मैक्रों ने कहा, पुतिन से मुलाकात से यूक्रेन के हालात नरम करने में मदद मिली
- अमेरिका-ईरान के बीच वियेना में अप्रत्यक्ष बातचीत बहाल

# एक हफ्ते के उच्चस्तर पर पहुंचा सोना

**मंगलवार को** सोना स्थिर रहा क्योंकि रूस-यूक्रेन को लेकर चिंता ने सुरक्षित दांव वाली इस धातु को पिछले सत्र के भाव के करीब सहारा दिया, वहीं बाजारों को अमेरिका के महंगाई के आंकड़ों का इंतजार है, जो फेडरल रिजर्व की तरफ से कदम उठाए जाने के वक्त को लेकर अहम है।

हाजिर सोना 0.1 फीसदी चढ़कर 1,821 डॉलर प्रति आउंस पर पहुंचा, जो 26 जनवरी के बाद सर्वोच्च स्तर पर पहुंचते दिखा है।

अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर 1,822.5 डॉलर पर स्थिर रहा। डेलीएफएक्स के रणनीतिकार माग्रेट यांग ने कहा, रूस व यूक्रेन के बीच भूराजनैतिक तनाव सोने की कीमतों को बढ़ा रहा है। इसके अलावा निवेशक गुरुवार के अमेरिकी मंहाई के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनवरी के महंगाई के आंकड़े दिसंबर से ज्यादा रहने का अनुमान है। रॉयटर्स की रायशुमारी के मुताबिक, अमेरिका में उपभोक्ता कीमत सूचकांक में जनवरी में 7.3 फीसदी सालाना बढ़ोतरी की संभावना है, जो 1982 के बाद सबसे बड़ी बढ़ोतरी होगी और फेड के आक्रामक कदम पर और दबाव बढ़ा सकता है।

सोने को महंगाई और भूराजनैतिक जोखिम के खिलाफ हेजिंग माना जाता है, ऐसे में दरों में बढ़ोतरी गैर-प्रतिफल वाले बुलियन की होल्डिंग की ऑपरच्युनिटी कॉस्ट बढ़ा देगा।

चांदी 0.3 फीसदी टूटकर 22.93 डॉलर प्रति आउंस पर आ गई, प्लेटिनम 0.3 फीसदी घटकर 1,016.49 डॉलर और पैलेडियम 0.2 फीसदी बढ़कर 2,267.35 डॉलर पर टिका। *रॉयटर्स*

- अमेरिकी महंगाई के जनवरी के आंकड़े गुरुवार को जारी होने की संभावना
- 10 साल वाला अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल दो साल के सर्वोच्च स्तर पर

# मेकमाईट्रिप बढ़ा रही वित्तीय सेवा कारोबार

**अनीश फडणीस**
मुंबई, 8 फरवरी

**ग्राहक आधार** का विस्तार करने, अर्धशहरी इलाकों में अपनी मौजूदगी बढ़ाने और मुनाफा मार्जिन में सुधार के लिए मेकमाईट्रिप अपने वित्तीय सेवा कारोबार में बढ़ोतरी कर रही है।

देश के सबसे बड़े ट्रैवल पोर्टल ने वित्तीय सेवा योजनाओं मसलन ट्रैवल लोन व बीमा की बिक्री महामारी के दौरान एक अलग इकाई ट्रिपमनी के जरिये शुरू की थी। यह पहल इसलिए की गई थी क्योंकि कंपनी कारोबारी अवरोध से उबरना चाह रही थी। अब दो साल बाद कंपनी बढ़त का लक्ष्य लेकर चल रही है।

अभी वित्तीय सेवा योजनाओं की बिक्री मेकमाईट्रिप या सहायक कंपनी गोआईबिबो की वेबसाइट के जरिए हो रही है और यह सिर्फ उसके ग्राहकों के लिए ही उपलब्ध है। हालांकि अब कंपनी उन्हें भी बीमा योजनाओं की पेशकश कर रही है, जो उनके प्लेटफॉर्म पर हवाई टिकट की खरीद या होटल रूम की बुकिंग नहीं कर रहे हैं।

मेकमाईट्रिप के मुख्य कार्याधिकारी राजेश मैगो ने कहा, हम डायरेक्ट चैनल के जरिये अन्य ग्राहकों के लिए वित्तीय सेवाएं खोलना चाहते हैं। जल्द ही हमारा ट्रिपमनी ऐप सामने होगा। इसके अलावा कंपनी फॉरेक्स कार्ड की भी पेशकश करेगी।




अपनी सेवाओं के लिए कंपनी ने बैंकों, बीमा कंपनियों व एनबीएफसी से गठजोड़ किया है। पिछले 12-15 महीने में कंपनी ने करीब 20 लाख छोटी बीमा पॉलिसियां बेची है, जिसके तहत क्वारंटीन खर्च, होम प्रोटेक्शन और मोबाइल की चोरी ट्रिप के दौरान कवर की जाती है। मैगो ने कहा कि अभी बुक करो, बाद में चुकाओ सुविधा के तहत पांच लाख ट्रिप बुक हुए और इसके जरिए करीब 25 करोड़ रुपये मासिक लगे।

आरईसी REC
आरईसी लिमिटेड (भारत सरकार का उद्यम)
सीआईएन: L40101DL1969GOI005095 | जीएसटी: 06AAACR4512R3Z3

**वित्तीय वर्ष 2021-22 के तीसरे अंतरिम लाभांश के लिए रिकार्ड तिथि की सूचना**

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) विनियमावली, 2014 के नियम 10 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के अनुसरण में, एतद्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी ने **शुक्रवार, 4 फरवरी, 2022** को आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में जैसा कि निदेशक मंडल द्वारा घोषित किया गया है, वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए ₹6/– प्रति इक्विटी शेयर की दर से उक्त अंतरिम लाभांश के भुगतान के उद्देश्य के लिए शेयरधारकों की पात्रता की गणना हेतु **बुधवार, 16 फरवरी, 2022** को 'रिकॉर्ड तिथि' के रूप में निर्धारित किया है। उक्त अंतरिम लाभांश **गुरुवार 3 मार्च, 2022** को उन शेयरधारकों को भुगतान किया जाएगा/भेजा जाएगा, जिनके नाम (क) इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म में धारित शेयरों के संबंध में **बुधवार, 16 फरवरी 2022** को कारोबारी समय की समाप्ति पर डिपॉजिटरी (रियों) द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले विवरण में लाभार्थी स्वामियों के रूप में; तथा (ख) भौतिक शेयरों के संबंध में **बुधवार, 16 फरवरी 2022** को सदस्यों के रजिस्टर में सदस्य के रूप में दर्ज होंगे।

इसके अतिरिक्त, सदस्यों से अनुरोध है कि कृपया वे अपनी ई–मेल आईडी को डिपॉजिटरी प्रतिभागियों/रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट (आर एंड टीए) के पास पंजीकृत/अद्यतन करा दें और वित्तीय वर्ष 2014–15 और बाद के वर्षों के लिए अंतरिम लाभांश से संबंधित भुगतान न की गई/दावा न की गई किसी भी लाभांश राशि का दावा करने के लिए आर एंड टीए अर्थात मैसर्स केफिन टेक्नॉलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, यूनिट: आरईसी, सेलेनियम टॉवर–बी, प्लॉट 31–32, गाचीबॉवली फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, हैदराबाद–500032 टेलीफोन: 91–40–67161500 से संपर्क करें अथवा **einward.ris@kfintech.com/balajireddy.s@kfintech.com/complianceofficer@recl.in** पर ई–मेल कर दें। इसके अलावा निवेशकों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे वित्तीय वर्ष 2013–14 में या इससे पहले अंतिम लाभांश के संबंध में भुगतान न की गई/दावा न की गई लाभांश राशि, यदि कोई हो तो, का दावा करने के लिए आईईपीएफ प्राधिकरण से संपर्क करें, क्योंकि यह आईईपीएफ को पहले ही अंतरित कर दी गई है।

कृते आरईसी लिमिटेड
ह/–
**(जे.एस. अमिताभ)**
कार्यपालक निदेशक एवं कंपनी सचिव

*टिप्पणी:– जैसा कि पूर्व में सूचित किया गया था, शेयरधारकों को अंतिम रूप से मिलने वाली लाभांश आय, आयकर के दायरे में शामिल है। तदनुसार, लाभांश का भुगतान करते समय कंपनी द्वारा आयकर अधिनियम 1961 में निर्धारित दरों के अनुसार स्रोत पर ही कर की कटौती (टीडीएस) अपेक्षित होगी। टीडीएस संबंधी प्रावधानों के अनुपालन के लिए शेयरधारकों से अनुरोध किया जाता है कि वे वार्षिक आधार पर फॉर्म 15 जी/15 एच जमा कर दें और अपना वर्तमान आवासीय पता, पैन कार्ड का विवरण तथा आयकर अधिनियम 1961 के अनुरूप श्रेणी आदि का विवरण अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास अथवा कंपनी/आर एंड टीए के पास ऊपर दिए गए ई–मेल आईडी पर अद्यतन करा लें।*

**पंजीकृत कार्यालय:**
कोर–4, स्कोप कॉम्पलेक्स, 7 लोधी रोड, नई दिल्ली–110003 **फोन:** +91-11-43091500
**कॉरपोरेट कार्यालय:**
प्लॉट नं. आई–4, सेक्टर–29, गुरूग्राम, हरियाणा–122001 **फोन:** +91-124-4441300
**ई–मेल:** complianceofficer@recl.in **वेबसाईट:** www.recindia.nic.in

**Weizmann Limited**

**Corporate Identification Number (CIN)**: L65990MH1985PLC038164
**Registered office:** 214, Empire House, Dr. D. N. Road, Ent. A.K. Nayak Marg, Fort, Mumbai - 400 001. **Tele. No**. 022-22071501 (6 lines); **Fax:** 022-22071514
**Website:** www.weizmann.co.in; **Email:** investorsgrievance@weizmann.co.in **Contact Person:** Ami Purohit, Company Secretary & Compliance Officer

## POST BUY-BACK PUBLIC ANNOUNCEMENT

**FOR THE ATTENTION OF THE ELIGIBLE SHAREHOLDERS/BENEFICIAL OWNERS OF THE EQUITY SHARES OF WEIZMANN LIMITED**

**This Post Buyback Public Announcement ("Advertisement") is made pursuant to Regulation 24 (vi) of Securities and Exchange Board of India (Buyback of Securities) Regulations, 2018 ("Buyback Regulations"). This Advertisement should be read in conjunction with the Public Announcement dated December 01, 2021, published on December 02, 2021 ("PA"), and the Letter of Offer dated January 03, 2022 (the "Letter of Offer"/ "LOF") issued in connection with the Buyback of fully paid equity shares of ` 10/- each ("Equity Shares") of Weizmann Limited (the "Company"), through the Tender Offer route. All capitalized terms, unless defined herein, shall have the same meaning ascribed to them in the Public Announcement and the Letter of Offer.**

**1. THE BUYBACK**

1.1. The Company had announced the Buyback of up to 14,12,515 (Fourteen Lakhs Twelve Thousand Five Hundred And Fifteen Only) fully-paid-up Equity Shares of face value Rs. 10/- each from all the eligible shareholders/beneficial owners of Equity Shares as on record date i.e December 10, 2021 on a proportionate basis, through the "**Tender Offer**" route at price of Rs. 60/- (Rupees Sixty Only) per equity share payable in cash, for an aggregate maximum consideration not exceeding Rs. 847.51 Lakhs (Rupees Eight Hundred Forty Seven Lakhs Fifty One Thousand Only) (**"Buyback Size"**). The Buyback Size is excluding Transaction Costs such as securities transaction tax, GST, stamp duty, filing fees, advisors' fees, brokerage, public announcement expenses, printing and dispatch expenses, applicable taxes and other incidental and related expenses (hereinafter referred to as "**Transaction Costs**").

1.2. The Buyback size represented 14.20% and 15% of the aggregate total paid-up equity share capital and free reserves as per the audited standalone and consolidated financial statements of the Company as on March 31, 2021, respectively (the last audited financial statement available as on the date of Board Meeting i.e. October 16, 2021 approving the Buyback). The number of Equity shares bought back constituted 8.18% of the Pre-Buyback paid-up Equity shares of the Company.

1.3. The Company adopted the **Tender offer route** for the purpose of the Buyback. The Buyback was implemented using the "Mechanism for acquisition of shares through Stock Exchange" notified by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI") vide circular CIR/CFD/ POLICYCELL/1/2015 dated April 13, 2015, read with SEBI circular CFD/DCR2/CIR/P/2016/131 dated December 9, 2016 and SEBI circular CFD/DCR-III/CIR/P/2021/615 dated August 13, 2021, including any amendments thereof, issued by SEBI. For the purposes of the Buyback, BSE Limited was the designated stock exchange.

1.4. The tendering Period for the Buyback Offer opened on Thursday, January 13, 2022 and closed on Thursday, January 27, 2022.

**2. DETAILS OF BUY BACK**

2.1. 14,12,515 (Fourteen Lakhs Twelve Thousand Five Hundred And Fifteen Only) fully-paid-up Equity Shares were bought back under the Buyback, at a price of Rs. 60/- (Rupees Sixty Only) per Equity Share.

2.2. The total amount utilized in the Buyback was Rs. 847.51 Lakhs (Rupees Eight Hundred Forty Seven Lakhs Fifty One Thousand Only) excluding Transaction Costs.

2.3. The Registrar to the Buyback i.e. Bigshare Services Private Limited **("Registrar")**, considered 33 valid bids for 41,45,941 Equity Shares in response to the Buyback resulting in the subscription of approximately 293.51 times the maximum number of Equity Shares proposed to be bought back. The details of the applications considered by the Registrar, are as under

| Particulars | Number of Equity Shares available for Buyback | Total no. of bids received in the category | Total Equity Shares bid for in the category | Total valid Bids received in the category | Total valid Equity Shares received in the category | % Response |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Small Shareholder Category | 2,11,878 | 15 | 11,858 | 15 | 11,858 | 5.59% |
| General Category | 12,00,637 | 18 | 41,34,083 | 18 | 41,34,083 | 344.32% |
| Not in Master file* | - | - | - | - | - | - |
| Total | 14,12,515 | 33 | 41,45,941 | | 41,45,941 | 293.51% |

2.4. All valid applications were considered for the purpose of Acceptance in accordance with the Buyback Regulations and the Letter of Offer. The communication of acceptance/rejection has been dispatched by the Registrar, via email, to the relevant Eligible Shareholders (who have their e-mail IDs registered with the Company).In cases where email IDs are not registered with the Company or depositories, physical letters of acceptance / rejection has been dispatched to the Eligible Shareholders by the Registrar. In Email bounce back cases, physical letters of acceptance / rejection has been dispatched to the Eligible Shareholders by the Registrar.

2.5. The settlement of all valid bids was completed by the Indian Clearing Corporation Limited / BSE Limited on February 07, 2022. Clearing Corporation has made direct funds payout to Eligible Shareholders whose shares have been accepted under the Buyback. If bank account details of any Eligible Shareholders were not available or if the funds transfer instruction were rejected by Reserve Bank of India or relevant bank, due to any reason, then the amounts payable to Eligible Shareholders were transferred to the concerned Seller Member for onward transfer to such Eligible Shareholder.

2.6. Demat Equity Shares accepted under the Buyback were transferred to the Company's Demat Escrow Account on February 07, 2022. The unaccepted demat Equity Shares have been unblocked in the account of respective Eligible Shareholders by Clearing Corporations on February 07, 2022. 3 bids for 300 shares were received in physical form and all the physical equity shares tendered have been accepted.

2.7. The extinguishment of 14,12,515 Equity Shares accepted under the Buyback comprising of 14,12,215 Equity shares in dematerialized form and 300 Equity Shares in physical form is currently under process and shall be completed on or before February 14, 2022.

2.8. The Company and its directors accept full responsibility for the information contained in this Post Buyback Public Announcement and also accept responsibility for the obligations of the Company laid down under the Buyback Regulations.

**3. CAPITAL STRUCTURE AND SHAREHOLDING PATTERN**

3.1. The capital structure of the Company, pre and post the Buyback is as under:
(Equity Shares have a face value of Rs. 10/- each)

| Sr.No. | Particulars | Pre-Buyback* | | Post-Buyback** | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | No. of Shares | Amount (Rs. in Lakhs) | No. of Shares | Amount (Rs. in Lakhs) |
| 1 | **Authorized Share Capital** | | | | |
| | Equity Shares | 3,00,00,000 | 3000.00 | 3,00,00,000 | 3000.00 |
| | Preference Shares | 20,00,000 | 2000.00 | 20,00,000 | 2000.00 |
| | **Total Authorized Share Capital** | | **5000.00** | | **5000.00** |
| 2 | Issued, Subscribed and Paid-up Capital | 1,72,71,536 | **1727.15** | 1,58,59,021 | **1585.90** |

*As on the Record date i.e. December 10, 2021
** *Subject to extinguishment of 14,12,515 Equity Shares*

3.2. Details of the eligible shareholders/beneficial owners from whom Equity Shares exceeding 1% (of the total equity shares bought back) have been accepted under the Buyback are as mentioned below:

| Sr. No. | Name Of Shareholder | Number of equity shares accepted under the Buyback | Equity Shares accepted as a % of total equity shares bought back | Equity Shares accepted as a % of total post Buyback Equity Shares# |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Hansneel Impex Private Ltd | 3,21,157 | 22.74 | 2.03 |
| 2 | Purvaja Projects Limited | 74,589 | 5.28 | 0.47 |
| 3 | Sitex India Private Limited | 1,66,061 | 11.76 | 1.05 |
| 4 | Inspeed Power Private Limited | 57,458 | 4.07 | 0.36 |
| 5 | Prabhanjan Multitrade Private Limited | 2,33,922 | 16.56 | 1.48 |
| 6 | Dharmendra G Siraj | 68,108 | 4.82 | 0.43 |
| 7 | Dharmendra Gulabchand Siraj | 68,107 | 4.82 | 0.43 |
| 8 | Anju Siraj | 74,834 | 5.30 | 0.47 |
| 9 | Anju Siraj | 50,944 | 3.61 | 0.32 |
| 10 | Isha Siraj Kedia | 21,986 | 1.56 | 0.14 |
| 11 | Kanan Ankit Khambhati | 1,19,995 | 8.50 | 0.76 |
| 12 | Meghna Pratik Doshi | 1,18,462 | 8.39 | 0.75 |
| | **Total** | **13,75,623** | **97.39** | **8.69** |

*#Subject to extinguishment of 14,12,515 Equity Shares*

3.3. The shareholding pattern of the Company Pre-Buyback (as on Record date i.e. as on December 10, 2021 ) and Post Buyback, is as under:

| Particulars | Pre-Buyback | | Post Buyback# | |
|---|---|---|---|---|
| | No. of equity shares | % of existing equity share | No. of equityshares | % of Post- Buyback equity share |
| Promoters and Promoter Group | 1,19,18,435 | 69.01 | 1,07,64,168 | 67.87 |
| Foreign Investors (including Non- Resident Indians / FIIs/ Foreign Mutual Funds/Foreign Nationals) | 83,809 | 0.48 | 50,94,853 | 32.13 |
| Financial Institutions / Banks and Mutual Funds promoted by Banks /Institutions / NBFCs | 58,175 | 0.34 | | |
| Others (Public, Bodies Corporate, etc.,) | 52,11,117 | 30.17 | | |
| Total | 1,72,71,536 | 100.00 | 1,58,59,021 | 100.00 |

*#Subject to extinguishment of 14,12,515 Equity Shares*

**4. MANAGER TO THE BUYBACK OFFER**

**KEYNOTE**
**Keynote Financial Services Limited**
(Formerly Keynote Corporate Services Limited)
The Ruby, 9th Floor, Senapati Bapat Marg, Dadar (West), Mumbai – 400 028
**Tel:** +91 22 6826 6000-3**; E-mail:** mbd@keynoteindia.net
**Website:** www.keynoteindia.net; **Contact Person**: Sunu Thomas
**SEBI Registration No.:** INM 000003606
**CIN**: - L67120MH1993PLC072407

**5. DIRECTORS RESPONSIBILITY**

As per Regulation 24(i)(a) of the Buyback Regulations, the Directors of the Company accept full responsibility for the information contained in this Post Buyback Public Announcement or any other information advertisement, circular, brochure, publicity material which may be issued and confirm that such document contains true, factual and material information and does not contain any misleading information.

**For and on behalf of Board of Directors of**
**M/s Weizmann Limited.**

| Sd/- | Sd/- | Sd/- |
|---|---|---|
| Neelkamal V Siraj | Chetan Mehra | Ami Purohit |
| Vice Chairman and Managing Director | Director | Company Secretary & Compliance Officer |
| DIN: 00021986 | DIN: 00022021 | ACS: A46169 |

Date: February 08, 2022
Place: Mumbai